*This Question Paper contains 8 printed pages.*
***(Sections - A, B, C & D)***

Sl.No.

# 10 (H)

**(MAY, 2021)**

***Time : 3 Hours]*** ***[Maximum Marks : 80***

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।
2) इस प्रश्नपत्र में चार विभाग हैं A, B, C और D एवं कुल 1 से 52 प्रश्न हैं।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए हैं।
5) सूचना के अनुसार आकृतियाँ स्वच्छ, स्पष्ट और उचित प्रमाण में बनाएँ।
6) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए। प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।
7) प्रश्न 52 नक्शापूर्ति का है । उसमें अंध विद्यार्थी के लिए अलग प्रश्न हैं।

## विभाग - A

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मांग के आधार पर लिखिए। (प्रत्येक के 1 अंक)** **[24]**

- योग्य जोड़े बनाइए। **[5]**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| 1) द्वारकाधीश मंदिर | (A) दिल्ली |
| 2) जड़ाऊकाम | (B) जूनागढ़ |
| 3) जरीकाम | (C) द्वारका |
| 4) लाल किला | (D) बीकानेर |
| 5) अड़ी कड़ी की वाव | (E) सूरत |
| | (F) पाटण |

- **निम्नलिखित विधान सही या गलत बताइए।**

6) काली मिट्टी जब सूख जाती है, तब इसमें दरारें या भंग बन जाते हैं। [1]

7) विजयनगर के महान सम्राट कृष्णदेव राय हिन्दी तथा संस्कृत के लेखक थे। [1]

8) जिन उद्योगों में कच्चे माल के रूप में खनिज का उपयोग होता है, उन्हें खनिज आधारित उद्योग कहते हैं। [1]

9) भारत में बेरोजगारी की समस्या अधिक गहन बनने के लिए जनसंख्या में वृद्धि जिम्मेदार नहीं है। [1]

10) महिलाओं को मात्र एक ही कॉल से मदद मिल सके, इसके लिए 108, अभयम् महिला हेल्पलाइन शुरू की गई है। [1]

- **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए।**

11) संस्कृत भाषा के महान व्याकरण शास्त्री कौन थे? [1]

12) जमीन के कटाव से आप क्या समझते हैं? [1]

13) भारत में रेगिस्तानी प्रकार की मिट्टी किन क्षेत्रों में पाई जाती है? [1]

14) सार्वजनिक वितरण व्यवस्था (PDS), भारत में कब लागू की गई? [1]

- **सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

15) ............... भाषा को 'आर्य भाषा' या 'ऋषियों की भाषा' या 'विद्वानों की भाषा' कहते हैं। [1]
(लेटिन, प्राकृत, संस्कृत)

16) नालंदा से मिली, बुद्ध की मूर्ति ................ फुट ऊँची है। [1]
(24, 18, 7½)

17) शाकाहारी लोगों के लिए ............. प्रोटीन का मुख्य स्रोत है। [1]

(दलहन, तिलहन, पेय)

18) मानव विकास अंक की विभावना भारतीय मूल के नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री, ............ ने व्यक्त की थी। [1]

(राल्फ नाडर, अमर्त्य सेन, डा. अब्दुल कलाम)

19) ................. आंदोलन भारत में ई. स. 1967 में पश्चिम बंगाल में आरंभ हुआ। [1]

(ग्राहक सुरक्षा, नक्सलवाद, ऊल्फा)

- **निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए।**

20) नीचे के कोष्टक में गुजरात के मुख्य मेलों के बारे में जानकारी दी गई है, उनमें से फाल्गुन मास में आने वाले मेलों को पहचानिए। [1]

| क्र. सं | मेले का नाम | स्थल |
|---|---|---|
| 1. | तरणेतर का मेला | तरणेतर (सुरेन्द्रनगर) |
| 2. | भड़ियाद का मेला | भड़ियाद (अहमदाबाद) |
| 3. | नकलंग का मेला | भावनगर |
| 4. | माधवपुर का मेला | माधवपुर (पोरबंदर) |
| 5. | वौठा का मेला | धोलका (अहमदाबाद) |
| 6. | मीरादातार का मेला | उनावा (उंझा) |
| 7. | डांग दरबार का मेला | आहवा (डांग) |
| 8. | गोल गधे का मेला | गरबाड़ा (दाहोद) |
| 9. | कार्तिक पूर्णिमा का मेला | सोमनाथ (गीर) |
| 10. | भांगुरिया का मेला | छोटा उदेपुर और क्वांट |

(A) भड़ियाद का मेला, वौठा का मेला, माधवपुर का मेला

(B) गोल गधे का मेला, कार्तिक पूर्णिमा का मेला, भांगुरिया का मेला

(C) तरणेतर का मेला, नकलंग का मेला, मीरादातार का मेला

(D) वौठा का मेला, माधवपुर का मेला, नकलंग का मेला

21) नीचे दिया गया शिल्प का चित्र किस गुफा का है? [1]



(A) अंजता की गुफा

(B) इलोरा की गुफा

(C) एलिफेंटा की गुफा

(D) ढ़ांक की गुफा

22) कपास, गन्ना, पटसन, तम्बाकू और रबर किस प्रकार की फसलें हैं? [1]


(A) तिलहन फसलें

(B) पेय फसलें

(C) नकदी फसलें

(D) औषधीय एवं मसाला फसलें

23) नीचे दिए भारत के मानचित्र में किस उद्योग के मुख्य केन्द्र दर्शाए गए हैं? [1]




(A) सूती कपड़ा उद्योग (B) पटसन कपड़ा उद्योग

(C) चीनी उद्योग (D) लोह–फौलाद उद्योग

24) कुछ गिने चुने लोगों द्वारा संगठित, आयोजित और जानबूझकर किये जाने वाले अनैतिक और हिंसात्मक कृत्यों को क्या कहते हैं? [1]

(A) करचोरी (B) आतंकवाद

(C) काला बाज़ार (D) सट्टाखोरी

## विभाग – B

- **निम्नलिखित बारह (12) प्रश्नों में से किन्हीं नौ (9) प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 से 40 शब्दों में लिखिए। (प्रत्येक के 2 अंक)** [18]

25) भारत की सांसकृतिक विरासत में किन चीज़ों का समावेश किया गया है? [2]

26) नीचे दिए गए एतिहासिक स्थलों के बारे में जानकारी दीजिए। [2]

a) अहमदाबाद b) जूनागढ़

27) वल्लभी विद्यापीठ के बारे में जानकारी दीजिए। [2]

28) वेद कितने और कौन–कौन से हैं? [2]

29) भारत में से लुप्त होने वाले वन्य जीवों के विषय में जानकारी दीजिए। [2]

30) जमीन (मिट्टी) के कितने और कौन–कौन से प्रकार हैं। [2]

31) निम्नलिखित अनुछेद के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – [2]

मुख्य जलस्रोतों में भूमिगत जल का स्थान महत्वपूर्ण है। भूपृष्ठीय जल के अवशोषण से भूमिगत प्राप्त होता है। भूमिगत जलराशि अमर्यादित है। भारत में उत्तर के मैदानी क्षेत्रों में 42% भूमिगत जल पाया जाता है। दक्षिण भारत में पठारी प्रदेश एवं पर्वतीय प्रदेश के कारण भूमिगत जल का प्रमाण कम मिलता है। भूमिगत जल का सर्वाधिक उपयोग सिंचाई के लिए होता है।

प्रश्न:

1) केरल तथा तमिलनाडु के किसान सिंचाई के लिए नहरों का उपयोग अधिक क्यों करते हैं?

2) उत्तर भारत के किसान सिंचाई के लिए भूमिगत जल का उपयोग अधिक क्यों करते हैं?

32) कृषि आधारित उद्योगों तथा खनिज आधारित उद्योगों के नाम लिखिए। [2]

33) सीमेंट उद्योग के विषय में संक्षेप में जानकारी दीजिए। [2]

34) प्रशासन के आधार पर जंगलों के प्रकार बताइए। [2]

35) गरीबी रेखा के नीचे जीवन जीने वाले लोगों के लक्षण बताइए। [2]

36) MPO, FPO, ECO तथा ISI के विषय में जानकारी दीजिए। [2]

## विभाग – C

- **निम्नलिखित नौ (9) प्रश्नों में से किन्हीं छह (6) प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए। (प्रत्येक के 3 अंक)** [18]

37) गुजरात में गरबा, गरबी तथा रास के विषय में जानकारी दीजिए। [3]

38) नीचे दिए गए अनुछेद को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [3]

सह्याद्रि पर्वत श्रृंखला के पास घोड़े की नाल के आकार की ये कुल 29 गुफाएँ हैं। यहाँ की गुफाओं को दो भागों में बाँटा जा सकता है : 1) चित्रकला आधारित गुफाएँ 2) शिल्पकला आधारित गुफाएँ। भित्तिचित्रों पर आधारित गुफाओं में से 1, 2, 10, 16 और 17 नंबर की गुफाओं के भित्तिचित्र बेजोड़ और उच्चस्तर के हैं। इन चित्रों का मुख्य विषय बौद्ध धर्म है। ये गुफाएँ दो प्रकार की हैं – चैत्य और विहार। 9, 10, 19, 26 और 29 नंबर की गुफाएँ चैत्य हैं, जबकि शेष गुफाएँ विहार हैं। ये गुफाएँ एक समय भुला दी गई थीं। प्रारंभिक वास्तुकला, गुफा चित्रों और शिल्प कला के उत्कृष्ट उदाहरणों में इन गुफाओं का एक खास स्थान है। ये गुफाएँ अपनी अनोखी कला समृद्धि के कारण मात्र भारत में ही नहीं, बल्कि विश्वभर में प्रसिद्ध हैं। चित्रकला, शिल्पकला और स्थापत्यकला का यह अपूर्व मेल है। इन गुफाओं के कलात्मक सर्जन ने भारतीय कला को विश्व में गौरव दिलाया है।

1) उपरोक्त अनुछेद में भारत की कौन–सी सांस्कृतिक विरासत के विषय में जानकारी दी गई है?
2) इन गुफाओं मे विहारों की संख्या कितनी है?
3) इस स्थापत्य का समावेश विश्व विरासत में क्यों किया गया है?

39) ताजमहल पर टिप्पणी लिखिए। [3]

40) बहुउद्देशीय परियोजना से आप क्या समझते है? उसका महत्त्व बताइए। [3]

41) बेरोजगारी के मुख्य प्रकार कौन–से हैं? उनमें से किन्हीं तीन के विषय में जानकारी दीजिए। [3]

42) गरीबी के उदभव के कारणों को समझाइए। [3]

43) महिला समानता संबंधित गुजरात सरकार की योजनाओं के विषय में समझाइए। [3]

44) भारत में स्वास्थ्य सुधार के लिए उठाए गए कदमों का विवरण दीजिए। [3]

45) नीचे दिए गए वन्य जीवों का परिचय दीजिए – [3]
1) लाल पांडा
2) जलचर गांगेय डॉल्फिन
3) एक सिंगी भारतीय गेंडा

## विभाग – D

- **46 से 51 तक दिए गए प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रश्न 52 (नक्शा) अनिवार्य है। (लगभग 100 शब्दों में) (प्रत्येक के 4 अंक)** **[20]**

**46)** वास्तुशास्त्र के बारे में सविस्तार जानकारी दीजिए। **[4]**

**47)** वैदिक विद्या और शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में प्राचीन भारत के योगदान का विवरण दीजिए। **[4]**

**48)** भारत में कृषि क्षेत्र में हुए संस्थागत सुधारों पर प्रकाश डालिए। **[4]**

**49)** गेहूँ की फसल के लिए अनुकूल परिस्थितियों का वर्णन कीजिए। **[4]**

**50)** मूल्यवृद्धि के कारणों का विस्तारपूर्वक विवरण दीजिए। **[4]**

**51)** अंतर स्पष्ट कीजिए – **[4]**

आतंकवाद तथा विद्रोह

**52)** निम्नलिखित विवरण को दिए गए भारत के मानचित्र (नक्शे) में दर्शाइए। **[4]**

1) काँप की ज़मीन
2) गिर राष्टीय उद्यान
3) चाय उत्पादक प्रदेश
4) सूती कपड़ा उद्योग का केन्द्र (नाम के साथ)

**<u>अंध विद्यार्थीयों के लिए</u>**

1) काँप की ज़मीन (मिट्टी) किन प्रदेशों में पाई जाती है।
2) गिर राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
3) चाय का मुख्य उत्पादक राज्य कौन-सा है?
4) सूती कपड़ा उद्योग के मुख्य केन्द्र का नाम लिखिए।

▽▽▽▽